## खबर संक्षेप



### शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**बरही।** खितौली में बकरीद ईद-उल-अजहा त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाने के उद्देश्य से खितौली चौकी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चौकी प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने की। बैठक में दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया। चौकी प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने सभी से आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्यौहार के दौरान किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। बैठक में जेई हेमंत वाटले, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी, सरपंच सुखसेन सिंह, रामलाल गुप्ता पुष्पेन्द्र त्रिपाठी प्रदीप तिवारी प्रधान आरक्षक सीताराम वर्मा आरक्षक अंकित, बड़गैया आशीष पटेल, सैनिक श्याम नारायण मोहन यादव आरक्षक दिलीप कोल सहित क्षेत्र के अन्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं मुस्लिम समाज से शेख सुबे, हकीम भाईजान, साबिर, मजीद, गज्जू भाईजान ने भाग लिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज पुलिस ने अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### उच्च स्तरीय समिति की बैठक 31 मई को होगी

**कटनी।** मध्य प्रदेश में समान नागरिक संहिता के संबंध में गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक रविवार 31 मई को दोपहर 3 बजे से शासकीय तिलक महाविद्यालय, कटनी में आयोजित की जाएगी। समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन और परीक्षण के लिए बनाई गई उच्च स्तरीय समिति के सदस्य और प्रख्यात कानूनविद अनूप नायर इस जनपरामर्श बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में समाज के सभी पक्षों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय सांसद, विधायक, सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, बार काउंसिल के सदस्य, महिला एवं बाल अधिकार संरक्षण से जुड़े प्रबुद्ध जन, शांति समिति के सदस्य, विभिन्न सामाजिक संगठन और सभी समुदायों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों और संगठनों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत पर मामला दर्ज

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के बड़ागांव बायपास झिंझरी के पास हुये सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसे में हरदास चौधरी नामक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पत्नी सीमा चौधरी निवासी देवरीटोला की शिकायत पर पुलिस ने मोटर साइकिल क्रमांक MP 21 MQ 8580 के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## नियम विरूद्ध तरीके से उर्वरक का वितरण करने पर हुई कार्यवाही

# लापरवाही पड़ी महंगी: 2 समिति प्रबंधक निलंबित, 12 का वेतन काटने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

'ई-विकास प्रणाली' का पालन न करते हुये नियम विरूद्ध उर्वरक का वितरण करना 14 समिति प्रबंधकों को महंगा पड़ गया। समीक्षा के दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी के संज्ञान में यह मामला आने के बाद कलेक्टर ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (पैक्स) सिनगौड़ी, खितौली एवं उबरा के समिति प्रबंधक बाबूजी सेन तथा सिनगौड़ी के खाद खरीदी प्रभारी सहायक प्रबंधक सतीश कुमार निगम को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिये। इनके अलावा ई-विकास प्रणाली में लापरवाही बरतने वाले अन्य 12 समिति प्रबंधकों का माह मई 2026 के वेतन से 7 दिवस की वेतन कटौती कराने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिया। कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश के बाद निलंबन और वेतन कटौती संबंधी आदेश जारी भी हो गये हैं।

किसानों को पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 1 अप्रैल से ई-विकास प्रणाली लागू है। कलेक्टर ने समितियों और उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरकों का शत-प्रतिशत विक्रय ई-विकास टोकन प्रणाली के माध्यम से किए जाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी पारंपरिक रूप से पीओएस मशीन से खाद वितरण करने पर कलेक्टर ने गहन नाराजगी व्यक्त किया था।

जारी निलंबन आदेश के अनुसार समिति प्रबंधक खितौली, सिनगौडी एवं उबरा श्री बाबूजी सेन द्वारा ई-विकास प्रणाली के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही और उदासीनता बरती गई। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए इन दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

इसी प्रकार प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिनगौड़ी के खाद प्रभारी एवं सहायक प्रबंधक श्री सतीश कुमार निगम द्वारा वर्ष 2025-26 में खाद का भौतिक वितरण तो कर दिया गया था। लेकिन ई-वितरण प्रणाली में इसकी एंट्री नहीं की गई। शासन के आदेशों की अवहेलना करने पर उन्हें भी कार्य प्रभार से मुक्त कर निलंबित कर दिया गया है। उनके स्थान पर खाद प्रभारी का चार्ज श्री प्रमोद निगम को और उपार्जन का प्रभार श्री रमाकांत दुबे को तत्काल सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

### 12 समिति प्रबंधकों के वेतन में होगी 7 दिन की कटौती

कलेक्टर द्वारा समय-सीमा की बैठकों में की गई समीक्षा के बाद, निर्धारित डिजिटल व्यवस्था का पालन न करने वाले 12 समिति प्रबंधकों (संवर्ग एवं प्रभारी) के चालू माह मई 2026 के वेतन से सात दिवस की वेतन कटौती के निर्देश दिए गए हैं। इनमें शाखा कटनी अंतर्गत कटनी समिति की बैक समिति प्रबंधक नेहा चौरसिया, समिति चाका के प्रभारी समिति प्रबंधक सतीश तिवारी और समिति कन्हवारा के बैक समिति प्रबंधक प्रमोद कुमार उपाध्याय शामिल है।

इसी प्रकार शाखा बड़वारा अंतर्गत अमाडी,बसाडी,नन्हवाराकला समिति के बैक समिति प्रबंधक मनोज द्विवेदी, बड़वारा समिति के प्रभारी समिति प्रबंधक देवानंद सिंह रघुवंशी और विलायतकला समिति के बैक समिति प्रबंधक राहुल तिवारी की वेतन कटौती की जायेगी। जबकि शाखा बाकल अंतर्गत चॉंदनखेडा समिति के प्रभारी समिति प्रबंधक संतोष दीक्षित, खितौली, उबरा, सिनगौड़ी के बैक समिति प्रबंधक बाबूजी सेन और उमरियापान शाखा के अंतर्गत दशरमन समिति के प्रभारी समिति प्रबंधक संतोष दुबे और मुरवारी समिति के बैक समिति प्रबंधक रबि तिवारी के 7 दिन के वेतन की कटौती की जायेगी। इसके अलावा रीठी शाखा के अंतर्गत रीठी समिति के बैक समिति प्रबंधक सुनील कुमार सोनी का 7 दिवन का वेतन काटा जायेगा।

कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिले में बिना ई-टोकन के खाद का वितरण न हो। किसान की जमीन (खसरा नंबर) और बोई गई फसल के आधार पर खाद की मात्रा सॉफ्टवेयर द्वारा तय की जाएगी। इससे जरूरत से ज्यादा भंडारण या कालाबाजारी पर पूरी तरह लगाम लगेगी। किसान अब घर बैठे पोर्टल पर देख सकेंगे कि किस केंद्र पर कितना स्टॉक उपलब्ध है। किसान भाई अपनी सुविधा अनुसार प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (PACS), डबल लॉक केंद्र और निजी विक्रेता। सशुल्क सेवा एमपी ऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) केंद्रों पर जाकर ई-टोकन प्राप्त कर सकते हैं।



# 8 आवासों से हटाया अतिक्रमण निगम प्रशासन ने लगाए ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आईएचएसडीपी योजना अंतर्गत प्रेमनगर बस्ती में निर्मित आवासों पर अनधिकृत रूप से किए गए कब्जों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए निगम प्रशासन ने 8 आवासों को कब्जा मुक्त कराया तथा भवनों पर निगम प्रशासन द्वारा स्वयं के ताले लगाए गए। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्ति शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु हितग्राहियों की पात्रता एवं जांच के दिए गए निर्देशों के परिपालन में की गई जांच में यह पाया गया कि कुछ अपात्र व्यक्तियों द्वारा योजना के आवासों पर अनधिकृत रूप से कब्जा कर रखा गया था। पात्र हितग्राहियों के अधिकारों की सुरक्षा एवं योजनाओं की पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से निगम प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए भवन क्रमांक C-11, E-1, E-4, C-35 तथा E श्रेणी के 1, 2, 6 एवं 20 क्रमांक के आवासों को कब्जा मुक्त कराया गया।

सहायक यंत्री सुनील सिंह ने बताया कि योजना के भवनों के संबंध में निगम कार्यालय में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पात्रता एवं आवंटन संबंधी जांच कराई गई, जिसमें संबंधित कब्जाधारियों को प्राथमिक रूप से अपात्र पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की गई। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन का उद्देश्य योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंद हितग्राहियों तक पहुंचाना है, ताकि शासन की मंशानुरूप प्रत्येक पात्र परिवार को आवास सुविधा उपलब्ध हो सके। कार्यवाही के दौरान सहायक यंत्री सुनील सिंह, उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित निगम अमला उपस्थित रहा।

## विलायतकला के बेस्ट केयर क्लीनिक में की गई कार्यवाही

# अवैध क्लीनिक पर छापा, 50 प्रकार की दवाइयां की जब्त, क्लीनिक किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अनाधिकृत चिकित्सकों और झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गए निर्देश के पालन में विकासखंड बड़वारा के अंतर्गत ग्राम विलायतकला में "बेस्ट केयर क्लीनिक" नाम से संचालित एक अवैध क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया है।

सीएमएचओ डॉ राज सिंह ठाकुर ने बताया कि अवैध रूप से संचालित इस क्लीनिक पर जिला स्तरीय टीम ने छापामार कार्रवाई की। टीम में जिला चिकित्सालय के सर्जिकल स्पेशलिस्ट डॉ. रीतेश दुबे तथा प्रभारी नर्सिंग होम नितिन तपा शामिल थे।



जांच के दौरान पाया गया कि क्लीनिक का संचालन जाकिर हुसैन द्वारा किया जा रहा था। उन्होंने स्वयं को बीएएमएस डिग्रीधारी बताया, लेकिन दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। साथ ही, मध्यप्रदेश मेडिकल काउंसिल में अनिवार्य पंजीयन भी नहीं कराया गया था। जांच में यह भी सामने आया कि बिना किसी वैध अनुमति के क्लीनिक संचालित किया जा रहा था। परिसर में 5 बिस्तर तथा एलोपैथी दवाइयां मिलीं, जिनसे मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। जबकि बीएएमएस चिकित्सक को केवल आयुर्वेद पद्धति से उपचार की अनुमति होती है, इसके बावजूद एलोपैथी पद्धति से इलाज किया जा रहा था।

इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए मध्यप्रदेश उपचारगृह तथा रुजोपचार संबंध स्थापना अधिनियम 1973 की धारा 3 एवं 4 के तहत कार्रवाई करते हुए क्लीनिक से 50 प्रकार की दवाइयां जब्त की गईं और क्लीनिक को सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार बड़वारा हर्षवर्धन रामटेके, थाना प्रभारी शके.के. पटेल तथा क्षेत्रीय पटवारी भी मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को तंबाखू के हानिकारक प्रभावों की दी जानकारी



शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2026 मनाया गया। इस दौरान 31 मई तक चलने वाली सप्ताहिक गतिविधियों की शुरुआत की गई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयोजन से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी, विशेषकर छात्राओं को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना और तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के उद्बोधन से हुई। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए मानव स्वास्थ्य पर तंबाकू के घातक प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. चित्रा प्रभात ने जोर दिया कि तंबाकू की लत न सिर्फ व्यक्ति को, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है।

# मांगों को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद बस स्टैंड पर बुधवार को किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया। किसान नेता राकेश सिंह लोधी के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों और ग्रामीणों ने गेहूं के लंबित भुगतान, खराब बिजली व्यवस्था और जल संकट को लेकर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने करीब एक घंटे तक शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के लगभग एक घंटे बाद एसडीएम प्रदीप मिश्रा धरना स्थल पर पहुंचे। किसानों ने उन्हें कलेक्टर के नाम संबोधित 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा, जिसमें समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई।

किसानों ने बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग प्रमुखता से रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थिर बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। किसानों ने क्षेत्र में 18 घंटे की बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने और मूंग व फूलद की बिजाई के लिए कम से कम 18 घंटे की बिजली आपूर्ति की मांग की। किसानों ने बताया कि सायलो सहित अन्य उपार्जन केंद्रों पर गेहूं की तुलाई पूरी होने के बावजूद कई किसानों को अभी तक भुगतान नहीं मिला है। उन्होंने अपनी उपज की राशि तत्काल खातों में हस्तांतरित करने की मांग की। इसके अतिरिक्त, डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतों में हो रही वृद्धि को वापस लेने या कृषि उपज का समर्थन मूल्य लागत के अनुरूप बढ़ाने की भी मांग की गई। रूपनाथ-बम्होरी-हटियागढ़ मार्ग पर बीएसएनएल की लाइन बिछाने के लिए खोदी गई खुली नालियों को तत्काल ठीक करने की मांग की गई।



## जबलपुर रेल मंडल के पुलिस अधीक्षक ने कटनी पहुंचकर ली बैठक

# ट्रेनों एवं प्लेटफार्म में सक्रिय बदमाशों की धर पकड़ के लिये विशेष अभियान चलाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जबलपुर रेल मंडल के नवागत रेल पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेर ने बुधवार को कटनी का दौरा किया। पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला कटनी दौरा था। इस दौरान उन्होंने जीआरपी थाने का सघन निरीक्षण किया और पुलिस बल की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। एसपी कनेर ने ट्रेनों और स्टेशन परिसर में बढ़ते अपराधों, विशेषकर मोबाइल चोरी और चेन स्नेचिंग की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। रेल पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेर ने कटनी को एक महत्वपूर्ण और विशाल रेलवे जंक्शन बताया। उन्होंने कहा कि यहाँ 13 प्लेटफॉर्म हैं और चौबीसों घंटे ट्रेनों की आवाजाही रहती है। इतनी बड़ी संख्या में यात्रियों के आवागमन के कारण मुसाफिरों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।



एसपी कनेर ने जीआरपी स्टाफ को निर्देश दिए कि ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर सक्रिय मोबाइल चोरों, जेबकतरों और चेन स्नेचरों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने अपराधियों पर नजर रखने के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय और मजबूत करने पर जोर दिया।

थाना परिसर में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। इसमें एसपी ने कटनी के साथ-साथ सतना, मैहर, रीवा, दमोह, सागर और शहडोल सहित विभिन्न जिलों के रेल थाना प्रभारियों (टीएचआई) के साथ चर्चा की।

बैठक के दौरान एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को बताया कि रेल अपराध किसी एक जिले तक सीमित नहीं होते। उन्होंने सभी थानों के बीच आपसी तालमेल को अनिवार्य बताते हुए अपराधियों के मूवमेंट और तौर-तरीकों की जानकारी तुरंत साझा करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी वारदात पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

एसपी कनेर ने आउटर क्षेत्रों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अक्सर ट्रेन रुकने या धीमी होने पर अपराधी आउटर पर वारदातों को अंजाम देकर भाग निकलते हैं। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने संवेदनशील पॉइंट पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को पूरी तरह से चालू रखने के आदेश दिए।

## बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जागरूकता में सक्रिय सहभागिता की अपील

# भ्रूण के लिंग की जांच कराने वालों की सूचना देने पर मिलेगा 2 लाख का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों की रोकथाम के लिए राज्य शासन द्वारा गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम 1994 एवं नियम 1996 (पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट) का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने नागरिकों से अपील की है कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षित भविष्य एवं समाज में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने के लिए भ्रूण लिंग जांच एवं लिंग चयन जैसी गैरकानूनी गतिविधियों की सूचना प्रशासन को उपलब्ध कराएं और इस सामाजिक जागरूकता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

राज्य शासन द्वारा आमजन को जागरूक करने और अवैध लैंगिक चयन गतिविधियों के विरुद्ध सशक्त विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ₹पुनरीक्षित मुखबिर पुरस्कार योजना-2021₹ संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत अवैध भ्रूण लिंग जांच, लिंग चयन अथवा संबंधित गैरकानूनी गतिविधियों की सूचना देकर कार्रवाई में सहयोग करने वाले मुखबिरों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। सफल सूचना अथवा स्टिंग ऑपरेशन के आधार पर कार्रवाई होने एवं न्यायालय में अपराध सिद्ध होने की स्थिति में कुल 2 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि मुखबिर, डिकॉय महिला, अभियोजन अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी और अन्य अधिकृत व्यक्तियों को नियमानुसार वितरित की जाती है।

योजना में मुखबिर की सूचना पर विधिक कार्रवाई होने की स्थिति में प्रथम किश्त के रूप में 1.25 लाख रुपये की राशि कोर्ट में चालान प्रस्तुत होने पर तथा द्वितीय किश्त के रूप में 75 हजार रुपये की राशि न्यायालय में अपराध सिद्ध होने पर प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार सफल स्टिंग ऑपरेशन की स्थिति में मुखबिर, डिकॉय महिला एवं सहयोगियों को भी निर्धारित प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है। पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट के प्रभावी प्रवर्तन के लिये शासन द्वारा स्टिंग ऑपरेशन को महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में उपयोग किया जा रहा है। अवैध भ्रूण लिंग जांच एवं लिंग चयन गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों और संस्थानों के विरुद्ध साक्ष्य आधारित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए डिकॉय महिला एवं मुखबिरों के माध्यम से गोपनीय स्टिंग ऑपरेशन संचालित किए जाते हैं।

सफल स्टिंग ऑपरेशन के सत्यापन उपरांत प्रथम किश्त के रूप में कुल 1 लाख 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है, जिसमें मुखबिर को 50 हजार रुपये, डिकॉय महिला को 20 हजार रुपये, सहयोगी को 10 हजार रुपये, जिला नोडल अधिकारी अथवा अन्य अधिकृत अधिकारी को 15 हजार रुपये तथा अभियोजन अधिकारी को 30 हजार रुपये दिए जाते हैं। न्यायालय में अपराध सिद्ध होने पर द्वितीय किश्त के रूप में कुल 75 हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं, जिसमें मुखबिर को 30 हजार रुपये, डिकॉय महिला को 10 हजार रुपये, सहयोगी को 5 हजार रुपये, जिला नोडल अधिकारी अथवा अन्य अधिकृत अधिकारी को 10 हजार रुपये तथा अभियोजन अधिकारी को 20 हजार रुपये की राशि नियमानुसार वितरित की जाती है। बेटियों के सम्मान, सुरक्षित भविष्य एवं समाज में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने के लिए भ्रूण लिंग जांच एवं लिंग चयन जैसी गैरकानूनी गतिविधियों की सूचना प्रशासन को उपलब्ध कराएं और सामाजिक जागरूकता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

### लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण करें

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण कराते हुए तथ्यात्मक प्रतिवेदन दर्ज करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायत बड़वारा की (32), बहोरीबंद की (26), ढीमरखेड़ा की (08), कटनी की (22), रीठी की (11) एवं विजयराघवगढ़ की (18) शिकायतों के तत्परता पूर्वक निराकरण कराते हुए तथ्यात्मक प्रतिवेदन दर्ज करने के निर्देश समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। गौरतलब है कि सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक लंबित एवं अत्यधिक संख्या में प्रदर्शित हो रही शिकायतों के निराकरण एवं तथ्यात्मक प्रतिवेदन दर्ज करने निर्देश दिए गये हैं।

# रेत के अवैध परिवहन पर ट्रेक्टर ट्राली की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

रेत के अवैध परिवहन पर कार्यवाही करते हुए सिलौड़ी चौकी पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली जब्त किया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस के अनुसारर बुधवार को चौकी सिलौड़ी पुलिस को ग्राम कंजिया पुल के पास एक ट्रैक्टर-ट्राली में रेत भरे होने की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर पहुंचकर पुलिस द्वारा ट्रैक्टर चालक से पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम सुरेन्द्र कोल पिता ज्ञानचन्द कोल उम्र 22 साल नि ग्राम सोनारखेड़ा चालक से ट्रैक्टर चलाने का लाइसेंस तथा ट्रैक्टर-ट्राली में भरी रेत के वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किन्तु वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर ट्रैक्टर-ट्राली में भरी रेत को अवैध रूप से परिवहन किया जाना पाए जाने पर पुलिस द्वारा मौके पर गवाहों के समक्ष ट्रैक्टर मय एक ट्राली रेत सहित जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 106 बी.एन.एस. एस. के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में चौकी प्रभारी अनिल कुमार पाण्डेय , प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा , आरक्षक रामसेवक विश्वकर्मा की भूमिका रही।



## खबर संक्षेप



### प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**स्लीमनाबाद**। यादव शक्ति संगठन द्वारा आल्हा -उदल जयंती पर बड़ागांव ग्राम पर यादव समाज धर्मशाला मै कार्यक्रम आयोजित किया गया!जहाँ यादव शक्ति संगठन द्वारा यादव समाज के प्रतिभावान विद्यार्थी जिन्होंने कक्षा 10 वी ओर 12 वी मै 70 फीसदी से ज्यादा अंक अर्जित किये हैं उनका सम्मान किया गया!साथ सामाजिक जनों से आग्रह किया गया कि समाज के सर्वागीण विकास के लिए सभी सामाजिक जनों को आगे आकर अपनी सहभागिता तन, मन ओर धन से निभानी पड़ेगी!यदि समाज मै कोई व्यक्ति निर्धन हैं तो उसकी पढ़ाई पूरी हो सके, किसी शादी धन के अभाव मै नही हो रही तो ऐसी जरूरतों के लिए सामाजिक जनों को आगे आकर सहभागिता करनी चाहिए!जिससे समाज का विकास हो सके!इस दौरान बड़ी संख्या मै यादव सामाजिक जनों की उपस्थिति रही।

### शिक्षकों का शैक्षणिक सत्र 15 जून से प्रारंभ करने की मांग

**स्लीमनाबाद**। वर्तमान में समूचे मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिलों में तापमान लगभग 45 डिग्री से अधिक की स्थिति में है । शासन के मौसम विभाग द्वारा जनहित में एडवाइजरी भी जारी की जा रही है कि लोग इस प्रचंड धूप एवं लू से बचने का प्रयास करें, वहीं दूसरी ओर स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार प्रदेश के समस्त लाखों शिक्षकों का शैक्षणिक सत्र 1 जून से प्रारंभ किए जाने के आदेश हैं । मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी, प्रमुख महामंत्री किशन रजक, प्रांतीय महामंत्री कमलेश त्रिपाठी, राजीव पाठक, अनिल नामदेव, अकील अंसारी, कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष आलोक परमार, शशि भूषण तिवारी, स्मृति रतन मिश्रा, श्रीमती नीलू उपाध्याय, प्रांतीय उपाध्यक्ष जनाब जावेद खान, एस के द्विवेदी, मुकेश यादव, रमाकांत शुक्ला, प्रांतीय सचिव श्रवण पाठक, मन्नू लाल शर्मा आदि समस्त प्रांतीय पदाधिकारी ने स्वहस्ताक्षर युक्त पत्र प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, आयुक्त लोक शिक्षण, अध्यक्ष कर्मचारी कल्याण परिषद एवं नेता प्रतिपक्ष मध्य प्रदेश विधानसभा को प्रेषित करते हुए आग्रह किया है कि शिक्षकों की जीवन रक्षा को दृष्टिगत रखते हुए नवीन शैक्षणिक सत्र 15 जून से प्रारंभ किया जावे । संगठन ने शासन को आश्वस्त कराया है कि 1 जून से 15 जून तक संपन्न कराए जाने वाले समस्त शालेय कार्यक्रमों को शिक्षक 15 जून के पश्चात अपना अतिरिक्त समय देकर पूर्ण कर लेंगे।

### जोन कार्यालय में भी करा सकेंगे समग्र आई.डी के कार्य

**कटनी**। नागरिकों की सुविधा एवं समग्र आई.डी से संबंधित कार्यो की सुविधा आसानी से प्राप्त करने की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर अब नगर निगम कार्यालय के अलावा जोन कार्यालय क्रमांक 2 दुर्गा चौक खिरहनी सहित जोन कार्यालय माधव नगर के माध्यम से भी समग्र आई डी बनवाने एवं आवश्यक सुधार कार्यो हेतु सुविधा प्राप्त हो सकेगी। इस संबंध में उपायुक्त श्री शैलेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर नगर निगम कार्यालय के समग्र केन्द्र से वार्ड क्रमांक 1 से 12 तक तथा वार्ड क्रमांक 22 से 27 तक तथा वार्ड क्रमांक 29 से 37 तक के नागरिकों के समग्र आई से संबंधित कार्य हेतु कम्प्यूटर आपरेटर निखिल तिवारी की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं जोन क्रमांक 2 दुर्गा चौक खिरहनी के वार्ड क्रमांक 13 से 21 तक के नागरिकों के समग्र आई.डी संबंधी कार्य हेतु कम्प्यूटर आपरेटर श्रीमती ज्योति मिश्रा को नियुक्त किया गया है। जबकि इसी प्रकार जोन कार्यालय 4 माधवनगर के वार्ड क्रमांक 28 तथा वार्ड क्रमांक 38 से 45 तक के नागरिकों के समग्र आई.डी संबंधी कार्य हेतु रितिका पांडेय को नियुक्त किया गया है।

देवगांव पहुंचे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार पर साधा निशाना

# आरोपः 1500 देकर सरकार ने लिए वोट आज उसी दाम पर मिल रहा गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी बुधवार को अपने अल्पप्रवास के दौरान बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवगांव पहुंचे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दमोह के रास्ते सड़क मार्ग से होते हुए रीवा जा रहे थे। यहां पूर्व युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मुकेश यादव की अगुवाई में बड़ी संख्या में एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदेश अध्यक्ष का ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जीतू पटवारी ने लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और महंगाई के मुद्दे पर घेरा।

### बुंदेलखंड की धरती से बदलाव की जरूरतः जीतू पटवारी

सैकड़ों की संख्या में मौजूद आमजन और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि बुंदेलखंड की भूमि क्रांतिकारियों और वीरों की जगह है। इस धरती ने हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई है और आज फिर वक्त आ गया है कि यहां से एक बड़े राजनीतिक और सामाजिक बदलाव की शुरुआत की जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि वे जनता के बीच जाएं और सरकार की नाकामियों को उजागर करें।लाडली बहना योजना के नाम पर महिलाओं को 1500 देकर मौजूदा सरकार ने उनके वोट तो ले लिए, लेकिन आज जनता खुद को ठगा सा महसूस कर रही है। जिस सरकार ने 1500 देने का वादा किया था, आज उसी सरकार के राज में लोगों को 1500 में रसोई गैस का सिलेंडर खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। यह सीधे तौर पर जनता की जेब पर डाका है।

### किसानों और ग्रामीणों ने सुनाईं अपनी समस्याएं

इस दौरे के दौरान केवल राजनीतिक बयानबाजी ही नहीं हुई, बल्कि स्थानीय मुद्दों को भी प्रमुखता मिली। क्षेत्रीय ग्रामीणों और क्षेत्र के किसानों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को अपनी स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। किसानों ने मुख्य रूप से खेती के समय पर्याप्त बिजली न मिलना, ऐन वक्त पर सोसायटियों में खाद की अनुपलब्धता न होना, देवगांव और आसपास के क्षेत्रों में सड़कों की जर्जर स्थिति और पेयजल का संकट बनी हुई है। जीतू पटवारी ने ग्रामीणों और किसानों की इन समस्याओं को बेहद ध्यान से सुना और आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी इन स्थानीय मुद्दों को विधानसभा से लेकर सड़क तक पुरजोर तरीके से उठाएगी और सरकार को घेरने का काम करेगी। कार्यक्रम के आयोजक और पूर्व युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में बहोरीबंद क्षेत्र के बड़ी संख्या से कार्यकर्ता पहुंचे थे। इस दौरान वरिष्ठ नेता महेंद्र जैन ,संतोष यादव ,रामसुजान, युवा बहोरीबंद विधानसभा अध्यक्ष दीपक यादव, शब्बीर खान,शैलेंद्र जैन राजू शर्मा भवानी राय शिवकुमार,वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## जिले में 2.18 लाख से अधिक किसानों की बनी फार्मर आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के अन्नदाताओं को सहज और पारदर्शी तरीके से शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर किसानों की फार्मर आईडी' बनाने का कार्य निरंतर जारी है।

अभियान के अंतर्गत अब तक जिले के कुल 2 लाख 18 हजार 984 किसानों की फार्मर आईडी जनरेट की जा चुकी है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले के शेष बचे सभी किसानों से अपील की है कि वे भी शासकीय योजनाओं का निर्बाध रूप से लाभ लेने के लिए जल्द से जल्द अपने क्षेत्र के पटवारी से संपर्क कर अपनी यूनिक फार्मर आईडी अवश्य बनवाएं।

### फार्मर रजिस्ट्री में विगढ़ तहसील अग्रणी

तहसील विजयराघवगढ़ में अब तक 36,443, ढीमरखेड़ा में 32,490, बहोरीबंद में 30,571, रीठी में 27,403, बड़वारा में 22,040, बरही में 21,676, स्लीमनाबाद में 20,823, मुरवारा या कटनी में 15,024 और कटनी नगर में 12,514 किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है।

फार्मर आईडी के लाभ

फार्मर आईडी 12 अंकों की एक विशिष्ट डिजिटल पहचान संख्या होती है, जो किसान की भूमि (खसरा/ऋणपुस्तिका), आधार नंबर और मोबाइल नंबर को एक ही डिजिटल क्रेडेंशियल से जोड़ती है। अब किसानों को किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए बार-बार खसरा, बी-1, या बैंक पासबुक की फोटोकॉपी जमा नहीं करनी होगी। पीएम किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना और फसल बीमा की राशि बिना किसी गड़बड़ी के सीधे और तेज गति से बैंक खाते में आएगी।

धान-गेहूं जैसी फसलों के सरकारी उपार्जन (पंजीयन) और बैंकों से कृषि ऋण लेने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और आसान हो जाएगी। एक ही प्रामाणिक डिजिटल डेटा होने से कोई दूसरा व्यक्ति किसान के नाम पर गलत लाभ या फर्जी पंजीयन नहीं उठा सकेगा।

### यहां बनवायें फार्मर आईडी

किसान अपने क्षेत्र के स्थानीय पटवारी से संपर्क कर सकते हैं या एमपी ऑनलाइन, सीएससी कियोस्क केंद्र पर जाकर अथवा https://mpfr.agristack.gov.in/ पोर्टल पर जाकर इसे जनरेट करवा सकते हैं।

## न्यून प्रगति पर बीईओ बड़वारा व रीठी को थमाया शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों को सर्वोच्च प्राथमिकता से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हुए मानव दिवसों के सृजन में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाना सुनिश्चित करें। विगत वर्षो के मनरेगा,जल गंगा संवर्धन अभियान, वाटरशेड एवं अन्य योजनाओं के निर्माणाधीन,अपूर्ण एवं नवीन स्वीकृत प्रगतिरत कार्यों को विशेष कार्य योजना तैयार कर तकनीकी मानकों का पालन करते हुए नियत समय में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं।

कुछ इस तरह के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की वर्चुअली समीक्षा करते हुए दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तकनीकी अधिकारी, जिला पंचायत की विभिन्न योजनाओं के प्रभारी अधिकारी, बीईओ, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा एवं वाटरशेड के बीसी भी कनेक्ट रहे। सुश्री कौर ने सख्त लहजे में कहा कि राज्य शासन एवं जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर निर्माण एवं विकास कार्यों में प्रगति लाएं। किसी भी प्रकार की सुस्ती या लापरवाही पाए जाने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

इस दौरान उन्होंने विकासखंड वार चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। बीईओ बड़वारा और रीठी द्वारा वाश ऑन व्हील के अंतर्गत पोर्टल पर शालाओं की डिमांड अपलोड कराए जाने की प्रगति न्यून पाए जाने पर शोकाज नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड विजिट कर प्रॉपर मॉनिटरिंग करें ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को समय-समय पर परखा जा सके।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने मैदानी स्तर पर आने वाली समस्याओं और कठिनाइयों के संबंध में जानकारी ली।



### 20 लाख से निर्मित सामुदायिक भवन का किया गया लोकार्पण

**सिलौंडी**। ग्राम पंचायत बिछिया के ग्राम मुंगली में सामुदायिक भवन का लोकार्पण बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे ने किया ।सामुदायिक भवन 20 लाख की लागत से बनाया गया है । जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे ने आम जनता के सार्वजनिक आयोजन हेतु एक सामुदायिक भवन के लिए विधायक से मांग किया जिसके फलस्वरूप विधायक की अनुशंसा पर सामुदायिक भवन बना ।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया,जनपद पंचायत अध्यक्ष यजुवेंद्र कोरी,सरपंच सहित ग्राम वासी की मौजूदगी रही ।

### पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



मुस्लिम धर्मावलंबियों का त्यौहार ईद-उल अजहा( बकरीद) गुरुवार को मनाया जायेगा। ऐसे मै ईद -उल अजहा का त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर स्लीमनाबाद पुलिस थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार आकाशदीप नामदेव ने की। इस दौरान एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, थाना प्रभारी सुदेश समन सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि मौजूद रहे ।बैठक में अधिकारियों ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन को सहयोग देने का आग्रह किया। ईद-उल अजहा के दौरान साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने पर भी चर्चा की गई ।एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और शांति भंग करने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। थाना प्रभारी सुदेश समन ने सभी से प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की बात कही ।बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## साधु संतों की सुरक्षा हेतु हो विशेष व्यवस्था, राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

रीवा जिला मुख्यालय में कलेक्ट्रेट भवन के सामने 20 मई को जैन समाज की आर्यिका माता श्री 105 सूत्रमति माताजी, एवं 105 उपसम मति माताजी बिहाररत के साथ अत्यंत दुखद घटना घटी ।जिससे उनका आकस्मिक निधन हो गया! इस संदर्भ में भारतवर्ष की संपूर्ण जैन समाज के आवाहन पर रीठी मै सकल जैन समाज ने विरोध जताया!साथ ही देश के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप मांग की गई कि बिहाररत जैन साधु संतों की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षा व्यवस्था,राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति,माताजी दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई।



ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष नरेंद्र जैन मंत्री महेंद्र जैन,उप मंत्री शैलेंद्र जैन, जिनेन्द जैन,एडवोकेट राजेश जैन, बड़गांव जैन समाज के अध्यक्ष अज्जू जैन कोषाध्यक्ष संतोष जैन पूर्व अध्यक्ष प्रदुम कुमार जैन,रजनीश जैन देवेंद्र जैन अनिल जैन बब्बू चाचा अनिल जैन नायक पलाश जैन पारस जैन अंकित जैन आयुष जैन अतिशय जैन प्रभास जैन सक्षम जैन राहुल जैन शुभम जैन सोहम ,धैर्य जैन रानु जैन नीरज जैन राकेश जैन आशीष जैन राज जैन आगम जैन, अरिहंत जैन, आदि जैन, चिराग जैन , चिन्मय जैन, यश जैन मौजूद रहे।

*ई टोकन द्वारा खाद वितरण करने कलेक्टर ने दिये दिशा निर्देश*

## जिले के लिए नीम कोटेड 1450 एमटी यूरिया की पहुंची रैक, मिलेगी पर्याप्त खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में जायद फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक मंगलवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 1450 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है।

झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 320 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 150 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 200 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 350 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा और सीएमएस बाकल को 60-60 मीट्रिक टन जबकि सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़ और सीएमएस बाकल को 50-50 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 100 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिले में बिना ई-टोकन के खाद का वितरण न हो। किसान की जमीन (खसरा नंबर) और बोई गई फसल के आधार पर खाद की मात्रा सॉफ्टवेयर द्वारा तय की जाएगी। इससे जरूरत से ज्यादा भंडारण या कालाबाजारी पर पूरी तरह लगाम लगेगी। किसान अब घर बैठे पोर्टल पर देख सकेंगे कि किस केंद्र पर कितना स्टॉक उपलब्ध है। किसान भाई अपनी सुविधा अनुसार प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (PACS), डबल लॉक केंद्र और निजी विक्रेता। सशुल्क सेवा एमपी ऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) केंद्रों पर जाकर ई-टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि कोई भी सहकारी समिति या निजी विक्रेता बिना ई-टोकन के खाद का विक्रय करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जिले के समस्त कृषकों से अपील की गई है कि वे अपनी मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए केवल संतुलित उर्वरकों का ही उपयोग करें। अनावश्यक खाद का प्रयोग न केवल लागत बढ़ाता है, बल्कि भूमि की उर्वरक शक्ति को भी नुकसान पहुँचाता है।

### मुख्य सचिव ने वीसी से की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

## खेती और खाद्य प्रसंस्करण के विकास पर विशेष ध्यान दें कलेक्टर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर्स सुशासन पर ध्यान दें। आमजनता के कल्याण के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों का तत्परता से निराकरण कराएं। कोई भी शिकायत 50 दिन से अधिक समय तक लंबित न रहे। नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के सभी प्रकरण तय समय सीमा में निराकृत कराएं। इन प्रकरणों में समय सीमा में कार्यवाही न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें। बारिश शुरू होने से पहले बाढ़ राहत तथा आपदा प्रबंधन की समीक्षा कर लें। अतिवृष्टि की स्थिति में राहत शिविर बनाने तथा बाढ़ से राहत और बचाव के सभी प्रबंध कर लें। किसी भी स्थिति में जन-धन की हानि न्यूनतम रखने का प्रयास करें।

इधर कटनी के कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष से कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा वर्चुअली जुड़े रहे। इनके अलावा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार, डीएफओ गर्वित गंगवार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक मध्य प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम साधना परस्ते तथा अन्य विभागों के जिला अधिकारी भी बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े रहे।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की हर माह बैठक आयोजित करके यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराएं। सड़कों से ब्लैक स्पाट कम करने और दोपहिया वाहन में हेलमेट की अनिवार्यता से ही बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली असयम मौतों को रोका जा सकता है। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष के 9 महीनों में सड़क दुर्घटना तथा होने वाली मौत में कमी आई है। ई डॉर पोर्टल पर दुर्घटना की जानकारी तत्काल दर्ज कराएं। दुर्घटना होने पर प्रधानमंत्री राहत योजना से पीड़ितों को उपचार की निःशुल्क सुविधा दें। राहवीर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। दुर्घटना पीड़ितों को समय पर मदद देकर हम उनकी जान बचाने का पुण्य कार्य करते हैं। कलेक्टर्स खनिज पदार्थो के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करें। इन पर लगाए गए जुर्माने की राशि की कठोरता से वसूली करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर्स खेती तथा उससे जुड़े विभागों की गतिविधियों की नियमित समीक्षा करें।

## समर कैंप मैं बच्चे सीख रहे खेलो की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा समर कैंप आयोजित किया जा रहा है।5 मई से शुरू हुआ ग्रीष्मकालीन समर कैंम्प 5 जून तक चलेगा।जिसमें प्रत्येक दिन सुबह प्रार्थना सभा, योगा कला ,गायन ,वादन, नृत्य ,व्यायाम एवं खेल गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। वालीबाल , खो खो, कबड्डी , दौड़ ,रस्सी कूद खेलों की गतिविधियों आयोजित हो रही हैं। खेल प्रशिक्षको के द्वारा स्कूली बच्चों को खेल की बारीकियां सिखाई जा रही है।

खेल समन्वयक चेतना झा ने कहा कि इससे बच्चों में मानसिक ,बौद्धिक एवं शारीरिक विकास संतुलित होगा। बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग कर खेलों की बारीकिया सीख रहे हैं।बच्चों को प्रतिभावान बनाने के लिए इस समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है । खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 5 जून तक ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा।समर कैंप पर प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।जिसमे वॉलीबाल ,खो-खो, कबड्डी एवं फुटबाल का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

स्लीमनाबाद विलियम हैनरी स्कूल मैं सलमान अहमद के द्वारा समरकैंम्प मैं विभिन्न प्रकार के खेल कूद प्रतियोगिताओं के गुण सिखाये जा रहे है। बहोरीबंद मे भी चल रहा प्रशिक्षण-ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर के तहत आरोहा समर कैंप 2026 के अंतर्गत बहोरीबंद में पाठशाला स्कूल व स्लीमनाबाद के विलियम हेनरी स्कूल में समर कैंप के घटक फीता इण्डिया मूवमेंट के तहत योगा मोटिवेशन स्पीच जुम्बा डांस स्कील व टेशट आदि से अवगत कराया जा रहा हैं। कोच सलमान अहमद,सौरभ राजपूत ओर राकेश विश्वकर्मा के द्वारा समर कैंम्प आयोजन मे सहभागिता की जा रही है जिनके द्वारा बालक -बालिकाओं को खेलों की बारीकियां सिखाई जा रही है। समरकैंम्प में 120 बच्चें प्रतिभागिता कर रहे है।

**खास बातें**

### लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती 31 मई को

**पथरिया।** परम पूज्यनीय लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 301 वी जयंती दिवस पर विगत वर्षो की भाती इस वर्ष भी 31 मई 2026 को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाना सुनिश्चित है, कृपया सभी जागरूक समाज बंधुओ से आग्रह हैं कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु 31 मई सुबह 11 बजे पधारने का कष्ट करें। उक्त कार्यक्रम तहसील अध्यक्ष अखिल भारतीय पाल महासभा पथरिया कुंजी लाल पाली के निज निवास वीर शिवाजी वार्ड क्र. 11 पर होगा। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कन्या पूजन एवं मातृशक्ति वंदना उपरांत लोकमाता अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण,तिलक बंधन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। देवी अहिल्यादेवी के व्यक्तित्व एवम् कृतित्व पर प्रकाश डाला जाएगा,समाज के प्रतिभावान छात्रों एवम् लोगों को सम्मानित किया जायेगा, समाज एकता अखंडता को सुदृण बनाने विचार विमर्श कर संकल्प लिया जावेगा आदि। कार्यक्रम उपरांत प्रसाद वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जावेगे।

थाना जबेरा की सिग्रामपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत तैलन घाटी का मामला, पुलिस जांच जारी

## अज्ञात लोगों द्वारा ऊंचे पहाड़ से भगा कर गिराई गईं 14 भैंसें, 11 की मौत





हरिभूमि न्यूज | जबेरा

थाना जबेरा के अंतर्गत सिग्रामपुर चौकी क्षेत्र की तेलंग घाटी में 14 भैंसों के साथ हुई दर्दनाक घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार रात के समय अज्ञात लोगों द्वारा भैंसों को पहाड़ी क्षेत्र की ओर भगाया गया, जिससे वे अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गईं। हादसे में 11 भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 भैंसों का उपचार जारी है।घटना की सूचना मिलते ही 112 डायल टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद थाना प्रभारी विकास चौहान एवं सिग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच प्रारंभ की गई। सभी मृत पशुओं का पोस्टमार्टम कराया गया है।

थाना प्रभारी विकास चौहान ने बताया कि मामले में अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है तथा दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अज्ञात लोगों की तलाश में जुटी हुई है और विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

वहीं पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज चौबे ने बताया कि घायल भैंसें गंभीर रूप से इंजर्ड थीं। जिन भैंसों की मौत हुई है उनका पोस्टमार्टम कर लिया गया है, जबकि शेष घायल पशुओं का इलाज जारी है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह घटना सुनियोजित हो सकती है। क्षेत्रवासियों ने मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

इधर क्षेत्र में लगातार सामने आ रही पशु क्रूरता की घटनाओं को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा सख्ती नहीं बरतने के कारण ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ओर सा सम्मान उनका देह संस्कार किया गया

घटना की जानकारी मिलने पर बजरंग दल के प्रखंड सुरक्षा प्रमुख प्रशांत तिवारी, बल उपासना प्रमुख दिनेश घोषी, ह्रितिक नामदेव एवं गौरव यादव अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे।

इसी बीच जबेरा–दमोह–जबलपुर बायपास पर भी एक ट्रैक्टर चालक द्वारा जीवित गाय के बछड़े को चलते ट्रैक्टर से फेंकने का मामला सामने आया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब वहां मौजूद लोगों ने इसका विरोध किया तो संबंधित लोग विवाद करने पर उतारू हो गए। हालांकि तब तक ट्रैक्टर एवं संबंधित व्यक्ति वहां से फरार हो चुके थे।

घटना के बाद क्षेत्र के पशुपालकों एवं ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पशुओं के साथ हो रही ऐसी घटनाओं पर तत्काल सख्त कार्रवाई कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन....

## शिक्षकों एवं छात्रों के ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज | दमोह

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधि मंडल ने आज मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से भेंट कर प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि वर्तमान समय में पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप जारी है। ऐसी स्थिति में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाया जाना आवश्यक है। माननीय शिक्षा मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह जी ने प्रतिनिधिमंडल की बात को गंभीरतापूर्वक सुना और तुरंत ही नोट शीट बनवाकर विभाग को भिजवा दी गई है। शिक्षा विभाग से शीघ्र ही आदेश होने की संभावना है। शिक्षा मंत्री के सकारात्मक और तुरंत नोट शीट बनवाने पर प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर ने उनका आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 5वीं व 8वी की द्वितीय अवसर की परीक्षा के समय विभाग चक्र में संशोधन कराकर 01जून के स्थान पर 16 जून से प्रारंभ कराने का सराहनीय कार्य आपके द्वारा कराया गया। प्रांताध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर जी, महामंत्री श्री राकेश गुप्ता जी एवं प्रांतीय इकाई के शिक्षकों व छात्रों के हित में किए जा रहे प्रयासों के लिय वरिष्ठ मार्गदर्शक पारस जैन, दमोह जिलाध्यक्ष कमलेश सेन, संभागीय अध्यक्ष प्रमेंद्र जैन, प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन, मनीष भारद्वाज, महेश गुप्ता, नीतेश पाठक, आर बी सिंह, नीलेश जैन, भागचंद जैन, एवं आदित्य चौरसिया, जितेंद्र खटीक, अशोक साहू, संदीप सोनी, अमित जैन, संजय पाठक, महेश विश्वकर्मा, अरविंद पटेल,समस्त विकासखंड पटेरा, पथरिया,जबेरा, हटा, तेंदूखेड़ा एवं बटियागढ़ इकाई पदाधिकारियों एवं समस्त शिक्षकों ने आभार व्यक्त किया है।

## चना मसूर खरीदी केन्द्रों पर सर्वेयरों की मनमानी, गुणवत्ता विहीन अनाज की हुई तौल

**पथरिया।** शासन द्वारा किसानों के लिए समर्थन मूल्य पर चना व मसूर खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 28 मई तक खरीदा जाना था लेकिन सोचने वाली बात है कि जिन जिन केन्द्रों पर किसानों के चना मसूर खरीदा गया उसमें सर्वेयरों द्वारा किसानों के लिए तो वाकयदा नियम कानून बताए गए पर व्यापारियों के द्वारा जो पंजीयन पर विक्रय किया गया उसमें कोई गुणवत्ता नही देखी गई और तौल करवा दी मतलब नियम सिर्फ किसानों के लिए वाकि व्यापारियों को कुछ नही लेन देन करके सब कुछ ठीक कर दिया। चर्चा तो यह है कि शाम होने के बाद खरीदी केन्द्रों पर यह सब खेल खेला गया जिसमें सबकी मिली भगत रही। चूंकि जिनकी जिम्मेदारी जांच करने की रही उन्होंने भी दिन में तो देखा पर शाम के बाद सब मनमानी चलती रही। अब खरीदी तो बंद हो गई पर जो माल अभी उठाव नही हुआ उसकी निष्पक्ष जांच हो तो पता चलें कि किस तरह से सर्वेयरों व समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर चना मसूर लिया जबकि जो किसानों का रहा वह तो साफ सुथरा रहा पर व्यापारियों ने लेन देन करके कचरा वाला तक सब तौल करवा दी।

## श्री मनसा पूरन नर्मदेश्वर शिवालय में चल रही श्रीमदभागवत कथा

**दमोह।** पुरुषोत्तम माह में भगवान की पूजा अर्चना आराधना करने से विशेष फल प्राप्त होता है जिसको लेकर जिले भर के मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रम शिवलिंग निर्माण, श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हो रहा हैं। नगर के श्री मनसा पूरन नर्मदेश्वर महादेव शिवालय प्रांगण विवेकानंद कॉलोनी सिविल वार्ड 06दमोह में सामूहिक रूप से संगीतमय श्रीमदभागवत कथा का आयोजन 25 मई से 31मई किया जा रहा है। जहां कथा व्यास आचार्य पंडित धनंजय महाराज ने जी श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिवस की कथा में भक्त प्रह्लाद चरित्र और नरसिंह अवतार प्रसंग सुनाया है। यह प्रसंग असुरों के राजा हिरण्यकश्यप के अहंकार और उसके पुत्र प्रह्लाद की भगवान विष्णु के प्रति अटूट भक्ति व शरणागति को दर्शाता है। हिरण्यकश्यप ने अमर होने के लिए ब्रह्मा जी की कठोर तपस्या की।उसने वरदान मांगा। वरदान पाकर वह अत्यंत अहंकारी हो गया और स्वयं को भगवान मानने लगा। तब हिरण्यकश्यप के घर स्वयं भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद का जन्म हुआ।प्रह्लाद जी बचपन से ही हरिभक्ति में लीन रहते थे। असुर पिता द्वारा बार-बार रोकने और समझाने पर भी उन्होंने विष्णु भक्ति नहीं छोड़ी। जिस कारण प्रह्लाद पर अत्याचार और रास्ते से हटाने के लिए कई प्रयास किए। उन्हें ऊंचे पर्वतों से फेंका गया, विषैले सांपों के बीच छोड़ा गया, आग में (होलिका दहन) में बैठाकर मारने का प्रयास किया लेकिन हर बार भगवान विष्णु ने अपने भक्त की स्वयं आकर रक्षा की। इसलिए भक्त को अपने कठिन समय में भगवान पर पूरा विश्वास करना चाहिए।वह स्वयं आकर रक्षा करते हैं। गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जायेगा।

## बागेश्वर धाम शिष्य मंडल ने किया हनुमान चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज | दमोह

पूज्य बागेश्वर धाम सरकार पं. श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की 21 दिन की सफल साधना के धन्यवाद स्वरूप बागेश्वर धाम शिष्य मंडल दमोह द्वारा बालाजी के चरणों में 5 सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व 151 दीप प्रज्ज्वलित किए गए। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के बाद शिष्य मंडल ने मंदिर परिसर में ही भोजन भंडारे का आयोजन किया.बागेश्वर धाम शिष्य मंडल दमोह द्वारा लगातार तीसरे मंगलवार को यह आयोजन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर, दमोह जनपद के पास किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पं. अजय गर्ग पुजारी, अखिल टंडन प्रभारी बागेश्वर धाम शिष्य मंडल दमोह, राकेश अग्रवाल, दिनेश असाटी, पं. आर.के. मिश्रा, स्वामी अशोक तिवारी, राजेश ताम्रकार, पं. मुकुट बिहारी व्यास, विनय असाटी, नीरज मिश्रा सहित शिष्य मंडल के लगभग 200 सदस्य शामिल हुए।




## हमे अपनी सांस्कृतिक धरोहरों का सम्मान करना चाहिए- शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती

**दमोह ।** भोजशाला हमारी प्राचीन संस्कृति और जन परंपरा का प्रतीक है। हमें अपनी सांस्कृतिक धरोहरों का सम्मान करना चाहिए। इसे संरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। यह बात जगद्गुरु शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज ने कही। उन्होंने भोजशाला में जुड़े संघर्ष का स्मरण कर सनातन सांस्कृतिक धरोहरों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।ज्ञान और साधना की ऐतिहासिक स्थली शंकराचार्य ने कहा कि राजा भोज द्वारा स्थापित यक्ष भोजशाला केवल एक संरचना नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की महान ज्ञान और साधना स्थली है। उन्होंने वसंत पंचमी के महत्व को बताते हुए कहा कि यहाँ पूजा करने से बुद्धि शुद्ध सात्विक और विकृतियों से मुक्त होती है। भोजशाला से जुड़े कानूनी घटनाक्रमों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि न्यायालय का जो भी निर्देश आया है, वह सनातनियों की विजय का मुटु आधार है। जिस तरह अयोध्या में पुरातात्विक साक्ष्यों से सत्य की विजय हुई, ठीक वैसे ही भोजशाला में भी साक्ष्यों के आधार पर सत्य की जीत सुनिश्चित है। सनातन को कुछ समय के लिए परेशान किया जा सकता है, पर पराजित नहीं।

## डिजिटल क्रॉप सर्वेयरों का हल्ला बोल: नए सरकारी आदेश के विरोध में उतरे पटवारी, सामूहिक आंदोलन की चेतावनी

**तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश में डिजिटल क्रॉप सर्वे (गिरदावरी) कार्य से जुड़े हजारों युवाओं में शासन के नए आदेश को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन, ग्वालियर द्वारा जारी आदेश क्रमांक 2182/MPLRS/DCS/2026 के विरोध में अब डिजिटल क्रॉप सर्वेयर संघ के साथ-साथ पटवारी संघ ने भी खुलकर मोर्चा संभाल लिया है। सर्वेयरों का कहना है कि यह आदेश उनके रोजगार और भविष्य पर सीधा हमला है। नए आदेश के अनुसार अब किसी भी स्थानीय युवा को केवल एक सीजन तक ही डिजिटल सर्वे का कार्य दिया जाएगा तथा अगले सीजन में उसकी जगह नए युवाओं को अवसर प्रदान किया जाएगा। शासन इसे अधिक युवाओं की सहभागिता बढ़ाने वाला कदम बता रहा है, लेकिन वर्तमान में कार्यरत सर्वेयरों का कहना है कि यह निर्णय उनके अनुभव और वर्षों की मेहनत को नजरअंदाज करने वाला है। उनका आरोप है कि पिछले दो वर्षों से उन्होंने फार्मर आईडी, ई-केवाईसी और डिजिटल गिरदावरी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को पूरी जिम्मेदारी और मेहनत से सफल बनाया है। आंदोलन को उस समय और मजबूती मिली जब तेंदूखेड़ा पटवारी संघ ने भी सर्वेयरों की मांगों का समर्थन करते हुए लिखित ज्ञापन सौंपा। पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अनुभवी सर्वेयरों को हटाना न केवल अन्यायपूर्ण है बल्कि इससे कार्य की गुणवत्ता भी प्रभावित होगी। संघ का मानना है कि प्रशिक्षित और अनुभवी युवाओं को निरंतर कार्य में बनाए रखना शासन और किसानों दोनों के हित में है।



सर्वेयर संघ की प्रमुख मांगों में विवादित आदेश को तत्काल निरस्त करना, पूर्व से कार्यरत अनुभवी युवाओं को प्राथमिकता देना, बंद की गई गिरदावरी आईडी को पुनः चालू करना तथा नई भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाना शामिल है। संघ ने मुख्यमंत्री एवं स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

सर्वेयरों ने कहा कि उन्होंने दिन-रात मेहनत कर मध्य प्रदेश को डिजिटल गिरदावरी कार्य में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल किया है, लेकिन अब उन्हें ही बेरोजगार करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने शासन से संवेदनशीलता दिखाते हुए आदेश वापस लेने की मांग की है।

## एसडीओपी ने पटाखा फैक्ट्री का किया निरीक्षण

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हाथीघाट हरदुआ में स्थित पटाखा फैक्ट्री का तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर ने निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं और रिकॉर्ड का बारीकी से परीक्षण किया गया। एसडीओपी ने फैक्ट्री में लगे अग्निशमन यंत्रों को चालू कराकर उनकी कार्यक्षमता जांची, जो सही स्थिति में पाए गए। इसके साथ ही स्टॉक रजिस्टर और स्टॉक रूम का भी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान फैक्ट्री में किसी प्रकार की विस्फोटक सामग्री का स्टॉक मौजूद नहीं मिला। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी ने फैक्ट्री संचालक को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए एसडीओपी ने बढ़ते तापमान को देखते हुए विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि दोपहर में अत्यधिक गर्मी के समय उत्पादन कार्य सीमित रखें ज्वलनशील पदार्थ का भंडारण मानक अनुसार ही किया जाए फैक्ट्री परिसर में धूम्रपान व खुली आग पूर्णतः प्रतिबंधित रहे उन्होंने फैक्ट्री संचालक को विस्फोटक नियम का कड़ाई से पालन करने को कहा लापरवाही पाए जाने पर लाइसेंस निरस्ती की कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह ठाकुर एएसआई पवन तिवारी आरक्षक रौनक पटेल उपस्थित रहे।



## गुरु जीवन का अनुपम उपहार, सेवा ही सबसे बड़ा सौभाग्य

हरिभूमि न्यूज | बनवार

**नोहटा नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित उमाशंकर शास्त्री ने गुरु के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु हमारे जीवन में अनुपम उपहार के समान हैं। उनके बिना जीवन के सार को समझ पाना संभव नहीं है।**





उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु के समक्ष सदैव विनम्रता और संयम बनाए रखना चाहिए। अनावश्यक चंचलता और अधिक बोलने से बचते हुए जितना संभव हो गुरु की वाणी का श्रवण करना ही सच्चा धर्म है। पंडित शास्त्री ने कहा कि गुरु चरणों की सेवा का अवसर मिलना परम सौभाग्य है, जो जीवन में अनमोल होता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें भी ठाकुरजी की कृपा से गुरु सेवा का अवसर प्राप्त हुआ था, लेकिन उस समय सेवाभाव का वास्तविक ज्ञान नहीं था। आज जब ज्ञान प्राप्त हुआ है, तब वह अवसर उपलब्ध नहीं है—इसलिए हर व्यक्ति को गुरु सेवा के अवसर का सम्मान करना चाहिए। कथा के दौरान उन्होंने धार्मिक ग्रंथों में वर्णित अवतारों का उल्लेख करते हुए कहा कि कहीं 24 अवतार बताए गए हैं तो कहीं 10, लेकिन वास्तव में अवतारों की संख्या का पूर्ण रूप से आकलन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जितने भक्त होते हैं, उतने ही प्रभु के अवतार भी माने जा सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भगवान का अवतार केवल राक्षसों या अधर्मियों के विनाश के लिए ही नहीं होता, बल्कि भक्तों पर कृपा बरसाने के लिए भी होता है। रावण और कंस जैसे असुरों के वध के लिए भगवान को अवतार लेने की अनिवार्यता नहीं थी, यह केवल दिव्य लीला का भाग है। अंत में उन्होंने कहा कि वैराग्य केवल घर-परिवार त्यागकर वन जाने का नाम नहीं है, बल्कि अपने अंतःकरण की शुद्धता ही सच्चा वैराग्य है। कथा के इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और पूरे पांडाल में भक्ति का वातावरण बना रहा।

## किसानों के सभी कार्य सरलता और सुगमता से हो, यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता - कलेक्टर

### खाद-बीज की समुचित व्यवस्था के दिए गये निर्देश, मूंग खरीदी पंजीयन 15 जून तक

जिले में खरीफ सीजन की तैयारी को लेकर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने किसान संघों के साथ बैठक में उनकी बातो और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और प्राप्त सुझावों के आधार पर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होने कहा किसानों के सभी कार्य सरलता और सुगमता से संपन्न हों, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभाग संवेदनशीलता और सकारात्मक मानसिकता के साथ कार्य करें ताकि किसी भी किसान को असुविधा का सामना न करना पड़े। कलेक्टर श्री यादव ने कहा मूंग खरीदी के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जो 15 जून तक चलेगी। कलेक्टर ने मूंग उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे समय रहते अपना पंजीयन अवश्य करा लें ताकि खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। किसानों को मंडियों में हो रही परेशानियों की जानकारी मिलने पर कलेक्टर श्री यादव ने मंडी अधिकारियों को तत्काल आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मंडियों में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा जल संसाधन विभाग द्वारा किसानों के सहयोग नहीं मिलने की बात सामने आने पर उन्होंने किसान संघ पदाधिकारियों के साथ गांवों में कैंप लगाने और किसानों को शासन के नियमों एवं उनके लाभों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामंजस्य और स्वच्छ वातावरण बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा परिवहन में देरी के कारण किसानों के भुगतान में विलंब हो रहा है। इसे गंभीरता से लेते हुए ट्रांसपोर्टरों को ट्रकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने वाले परिवहनकर्ताओं के खिलाफ शासन को कार्रवाई प्रस्ताव भी भेजा गया है। बैठक में उपस्थित मंडी सचिवों को निर्देशित किया गया कि शासन के सभी निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें और किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस आयोजित बैठक में किसान संघो के पदाधिकारी और कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, जल संसाधन सहित अन्य संबंधित विभागो के अधिकारी मौजूद थे।

